दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित **'B++'** श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांकः 13.11.2024

प्रकाशनार्थ

दिनांक 13.11.2024 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ कल्चरल क्लब एवं भूगोल विभाग, दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में एम.ए. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि स्वागत सामारोह दो पीढ़ियों के बीच संवाद स्थापित करने का माध्यम है, यदि एक के पास अनुभव है तो दूसरे के पास अपार ऊर्जा है। विद्यार्थियों को हमेशा शिक्षा का सदुपयोग करना चाहिए, जिससे समाज को सर्वाधिक लाभ मिल सके। मनुष्य यदि समाज को बिना किसी विनिमय की अपेक्षा से देना सीख जाये तो उसमें देवत्व की स्थापना हो जायेगी। परम्परा के निर्वहन व प्रगति के प्रदर्शन के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम प्रोत्साहित करते है। समाज में संस्कारित विद्यार्थी एक सभ्य समाज के निर्माण में सहयोगी बनते हैं। हमारी भारतीय परम्परा नवागत का स्वागत एवं वरिष्ठ के सम्मान के प्रति हमें तत्पर बनाती है। किसी शिक्षण संस्था का समग्र विकास उसके प्रत्येक घटक के समन्वय में होता है और ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के चौमुखी विकास का आधार होते है।

डॉ. कमलेश कुमार मौर्य ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी जीवन में एक बेहतर विद्यार्थी के उददेश्यों को साथ लेकर आगे बढ़े और अपने परिवार के साथ ही महाविद्यालय के सम्मान में वृद्धि करे ऐसी अपेक्षा व शुभकामना हैं। **कार्यक्रम का प्रारम्भ सरस्वती वंदना से हुआ।** इसके साथ ही छात्र–छात्राओं ने अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए अपनी गीत, संगीत, धार्मिक गीत और नृत्य से सम्पूर्ण माहौल को मंत्रमुग्ध कर दिया। **कार्यक्रम में अतुल यादव को मिस्टर फ्रेशर एवं कलश यादव को मिस फ्रेशर चुना गया।**

कार्यक्रम का संचालन अविनाश कुमार व सिमरा खातून ने किया। इस अवसर पर डॉ. संजीत सिंह, डॉ. अनूप राय, डॉ. रवीन्द्र कुमार, डॉ. अनुपमा, डॉ. पवन पाण्डेय, डॉ. नितीश शुक्ला, डॉ. सुनील सिंह, डॉ. त्रिभुवन मिश्रा, डॉ. संजीव सिंह, डॉ. अभय मालवीय, डॉ. शुभम मिश्रा सहित महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहें।

डॉ.(सुनील कुमार सिंह)
सह–प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क